मलेशिया में उज्जैन के संजीव सरन को मानद डॉक्टरेट की उपाधि

▶ अंतरराष्ट्रीय व्यापार में उत्कृष्ट नेतृत्व का मिला सम्मान

उज्जैन। मूल रूप से उज्जैन के रहने वाले और वर्तमान में मुंबई में निवासरत संजीव सरन को टेक्सटाइल और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में वैश्विक नेतृत्व के लिए मलेशिया के कुआलालंपुर में मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया है। कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के इस भव्य दीक्षांत समारोह में वहां के राजा के पुत्र और महामहिम राज्यपाल सुल्तान ने उन्हें अन्य प्रतिष्ठित विद्वानों के साथ यह सम्मान प्रदान किया।पेलेस ऑफ गोल्डन हॉर्सेस में आयोजित इस समारोह के मुख्य अतिथि महामहिम तुन दातुक सेरी सुल्तान ने प्रेरक संबोधन दिया। संजीव सरन उज्जैनी और विक्रम विश्वविद्यालय के एलुम्नी पैट्रन हैं। वे भारत सरकार के एसआरटीईपीसी मैटेक्सिल के दो बार चेयरमैन रह चुके हैं और वर्तमान में कई यूरोपियन कंपनियों के बोर्ड में निदेशक के पद पर कार्यरत हैं।

दीक्षांत समारोह से इतर आयोजित एक बिजनेस फोरम में संजीव सरन ने एआईएफटीए और एआईटीआईजीए से संबंधित व्यापार समझौतों पर चर्चा करते हुए इन पर पुनर्विचार की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत और आसियान व्यापार तथा सांस्कृतिक सहकारिता की जीवंत विरासत साझा करते हैं। एक समृद्ध और सामंजस्यपूर्ण भविष्य के निर्माण के लिए हमें आर्थिक सेतु को मजबूत करने, नवाचार को बढ़ावा देने और समावेशी विकास को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। उन्होंने साझा विरासत के आधार पर सतत विकास, डिजिटल कनेक्टिविटी और कौशल संवर्धन को प्राथमिकता देने की बात कही। संजीव सरन ने कहा कि आसियान और भारत वैश्विक चुनौतियों का सामना करने में एकजुट हैं और हमें मिलकर आपसी लाभकारी संबंधों का एक नया अध्याय लिखना चाहिए।

कार्यक्रम में व्यापार समझौतों के उन्नयन पर हुए उच्च स्तरीय विचार-विमर्श, कार्य सत्र और नेटवर्किंग से भारत-आसियान आर्थिक संबंधों को और मजबूती मिली है। उनकी इस वैश्विक उपलब्धि पर शहर में हर्ष का माहौल है। अभिनव रंगमंडल अपनी आगामी संवाद श्रृंखला में उज्जैन की माटी से जुड़े संजीव सरन को विशेष रूप से आमंत्रित करेगा।

पुष्कर सागर सेवा समिति की महाआरती एवं भजन संध्या 15 जून को

उज्जैन। नलिया बाखल स्थित पुष्कर सागर पर अधिक मास के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं प्रतिदिन पूजन-अर्चन के लिए पहुंच रही है।यहां पूजन की परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है और धार्मिक दृष्टि से इसका विशेष महत्व माना जाता है। इसी कारण उज्जैन जिले के दूर-दूर क्षेत्रों से श्रद्धालु महिलाएं यहां पूजा करने आती हैं। गौरव प्रजापत एवं आशुतोष दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि पुरुषोत्तम मास का समापन 15 जून को होगा। इस अवसर पर पुष्कर सागर सेवा समिति द्वारा शाम 7 बजे महाआरती एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर समिति द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कार्यक्रम की शुरुआत करने से पहले महाआरती की जाएगी। इसके बाद भजन संध्या का आयोजन होगा। समिति ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में महिलाएं यहां पूजन के लिए पहुंचती हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाएं की गई हैं, लेकिन कुछ कमियों के कारण श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। आने वाले दिनों में समिति द्वारा कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है। समिति ने शासन से मांग की है कि यहां बेहतर व्यवस्था की जाए, जिससे कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो और श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। समिति ने सभी सनातन धर्म प्रेमियों से आह्वान किया है कि वे दो दीपक लेकर कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ लें। इस अवसर पर प्रसादी का वितरण भी किया जाएगा।

एक नजर में

हेलियोन भारत में दो हजार करोड़ का निवेश करेगा

उज्जैन . हेलियोन ने भारत में अपनी पहली मैन्युफैक्चरिंग फैक्ट्री स्थापित करने की अपनी योजना के बारे में बताया. यह अत्याधुनिक फैक्ट्री पीथमपुर, मप्र में स्थापित की जाएगी. इस निवेश की घोषणा मप्र के मुख्य मंत्री मोहन यादव, हेलियोन के चीफ एग्ज़िक्यूटिव ऑफिसर, ब्रायन मैकनामारा, हेलियोन आईएससी के सीईओ इंडिया और अध्यक्ष- केदार लेले तथा हेलियोन की चीफ सप्लाई चेन ऑफिसर, नम्रता पटेल की मौजूदगी में की गई. मुख्यमंत्री श्री यादव ने कहा 2,000 करोड़ के इस निवेश से मुख्य मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट केंद्र के रूप में मध्य प्रदेश की स्थिति मजबूत होगी. इससे आर्थिक प्रगति और औद्योगिक विकास में भी मदद मिलेगी. हेलियोन के चीफ एग्ज़िक्यूटिव ऑफिसर, ब्रायन मैकनामारा ने कहा भारत हमारे लिए सबसे तेजी से बढ़ते हुए और सबसे डायनामिक बाजारों में से एक है. हमारा उद्देश्य साल 2030 तक प्रतिदिन बेहतर स्वास्थ्य को भारत में 30 करोड़ से अधिक नए ग्राहकों तक पहुँचाना है. हमारी यह फैक्ट्री साल 2030 तक हमें विश्व में 100 करोड़ नए ग्राहकों तक पहुँचने में मदद करेगी.

शासकीय महाविद्यालय हुआ पौधारोपण

घट्टिया। स्व. नागूलाल मालवीय शासकीय महाविद्यालय, घट्टिया में पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अभियान के लिए पौधे बैंक ऑफ इंडिया की घट्टिया शाखा द्वारा उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बैंक ऑफ इंडिया घट्टिया के शाखा प्रबंधक पवित्र कुमार बिजोलिया एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पुलकिता आनंद ने संयुक्त रूप से पौधा रोपकर शुरुआत की। प्राचार्य डॉ. आनंद ने बैंक प्रबंधन का आभार मानते हुए पौधों की सुरक्षा का संकल्प दिलाया । अभियान को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसका नेतृत्व एनएसएस प्रभारी डॉ. ज्योति दातीर ने किया। इस अवसर पर सुनील गुजराती, डॉ. श्वेता भल्ला, डॉ. रेखा सोलंकी, डॉ. दयाराम मुझाल्दा, ओपी कटारा, श्याम रावत, सरवन मालवीय, मनीष बैरागी सहित एनएसएस स्वयंसेवकों ने परिसर में उत्साहपूर्वक विभिन्न पौधे रोपे और उनकी नियमित देखभाल की जिम्मेदारी ली।

केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड निवेशकों को शिक्षित करने के लिए मध्य प्रदेश में निवेश बस यात्रा लेकर आई

उज्जैन। केनरा रोबेको एएमसी की निवेशक शिक्षा बस निवेशकों को म्यूचुअल फंड के बारे में शिक्षित करने के लिए मध्य प्रदेश के विभिन्न शहरों का दौरा करेगी और इस गतिविधि का समापन ग्वालियर में होगा।उज्जैन भारत के दूसरे सबसे पुराने म्यूचुअल फंड, केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (केनरा रोबेको म्यूचुअल फंड के निवेश प्रबंधक), मध्य प्रदेश में म्यूचुअल फंड निवेश के बारे में जागरूकता पैदा करने और राज्य भर के निवेशकों को शिक्षित करने के लिए निवेश बस यात्रा शुरू करने के लिए तैयार है।इस पहल का उद्देश्य राज्य के लोगों के बीच वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना और म्यूचुअल फंड निवेश के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। यह बस यात्रा इंदौर से शुरू होगी और इसके बाद उज्जैन, देवास, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर पहुंचेगी। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर लोगों को निवेश से जुड़ी जानकारी दी जाएगी। केनरा रोबेको एएमसी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रजनीश नरूला ने कहा आज के बदलते वित्तीय परिदृश्य में, ज्ञान उतना ही शक्तिशाली है जितना कि समझ। एक जानकार निवेशक न केवल अपने लिए बेहतर निर्णय लेता है बल्कि एक मजबूत वित्तीय इकोसिस्टम में भी योगदान देता है। हम निवेश के ज्ञान को सरल, सुलभ और व्यावहारिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। निवेश बस यात्रा का उद्देश्य वित्तीय शिक्षा को सीधे समुदायों तक पहुंचाना है। केरल, पंजाब, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, कर्नाटक, राजस्थान, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, असम, महाराष्ट्र, गोवा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू जैसे राज्यों में पहले ही पहुंचने के बाद, अब हम इसे मध्य प्रदेश ले जा रहे हैं ताकि कई शहरों में निवासियों के साथ जुड़ सकें, निवेश की अवधारणाओं को सरल बना सकें। केनरा रोबेको एएमसी के हेड- सेल्स एंड मार्केटिंग गौरव गोयल ने कहा,हम वित्तीय ज्ञान को व्यावहारिक और सुलभ बनाकर निवेशकों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

अजाक्स ने बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया

उज्जैन। कोठी पैलेस स्थित अजाक्स कार्यालय पर अजाक्स जिला उज्जैन द्वारा महान आदिवासी जननायक एवं स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। मीडिया प्रभारी डी एल भीलवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला अध्यक्ष डॉ. आर.एल. परमार के नेतृत्व में बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा उनके योगदान को स्मरण किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. परमार ने कहा कि बिरसा मुंडा को धरती आबा अर्थात धरती के पिता के रूप में सम्मानित किया जाता है। वे भारत के आदिवासी समाज के महान स्वतंत्रता सेनानी और जननायक थे। अंग्रेजों एवं जमींदारों द्वारा आदिवासियों की जमीनों पर कब्जा किए जाने और शोषण के विरुद्ध उन्होंने सशस्त्र आंदोलन का नेतृत्व किया, जिसे उलगुलान (महान हलचल) के नाम से जाना जाता है। उनका संदेश था। अबुआ राज एते जना, महारानी राज टुडू जना, अर्थात अपना राज स्थापित करो और महारानी का राज समाप्त करो। अंग्रेजों के फॉरेस्ट एक्ट के कारण आदिवासियों को जंगलों से बेदखल कर दिया गया था। बिरसा मुंडा ने जंगल, जमीन और अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 1908 में छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट लागू किया गया, जिससे आदिवासी भूमि को गैर-आदिवासियों को बेचने पर रोक लगी। उन्होंने बिरसाइत धर्म की स्थापना कर अंधविश्वास, शराब और पशु बलि जैसी कुरीतियों का विरोध किया तथा स्वच्छता, शिक्षा और एक ईश्वर की उपासना पर जोर दिया।

औदिच्य ब्राह्मण समाज गोविंद माधव ट्रस्ट की बैठक

नागदा। औदिच्य ब्राह्मण समाज नागदा के गोविंद माधव ट्रस्ट की बैठक सोमवार, 8 जून को प्रकाश नगर स्थित समाज की धर्मशाला में समाज अध्यक्ष डॉ. प्रदीप रावल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में समाज हित से जुड़े विभिन्न विषयों, संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय औदिच्य ब्राह्मण महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में मनोनीत श्री चंद्रशेखर दवे तथा युवा कार्यकारिणी में मनोनीत संजय व्यास का समाजजनों द्वारा पुष्पमालाओं से स्वागत, सम्मान एवं अभिनंदन किया गया। उपस्थित वक्ताओं ने दोनों पदाधिकारियों को नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभव एवं सक्रिय नेतृत्व से समाज को राष्ट्रीय स्तर पर नई दिशा एवं मजबूती प्राप्त होगी।

बैठक में अखिल भारतीय औदिच्य ब्राह्मण महासभा के सदस्यता अभियान को गति देने पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर श्री चंद्रशेखर दवे ने समाजजनों को सदस्यता अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि स्थायी आजीवन सदस्य, संरक्षक सदस्य एवं विशेष संरक्षक सदस्य बनने हेतु सदस्यता प्रपत्र उपलब्ध हैं। उन्होंने समाजबंधुओं से सदस्य बनकर संगठन की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आव्हान किया। सदस्यता शुल्क आजीवन सदस्य हेतु 200 रुपये, संरक्षक सदस्य हेतु 2000 रुपये तथा विशेष संरक्षक सदस्य हेतु 10000 रुपये निर्धारित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो समाजजन पूर्व से आजीवन सदस्य हैं, उन्हें पुन: आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है, हालांकि वे इच्छानुसार संरक्षक अथवा विशेष संरक्षक सदस्य बन सकते हैं। बैठक में समाज की एकजुटता, संगठन विस्तार एवं भावी कार्यक्रमों को लेकर भी सार्थक चर्चा हुई। कार्यक्रम के अंत में स्वल्पाहार के साथ बैठक का समापन हुआ। जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने दी।

मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा करेगी महाकाल मंदिर में 108 जाप

उज्जैन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल, जनकल्याणकारी एवं विकासोन्मुखी 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगर इकाई द्वारा 10 जून बुधवार को प्रात: 11 बजे श्री महाकालेश्वर मंदिर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान एवं 108 जाप का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ, दीर्घायु एवं जीवन के साथ-साथ राष्ट्र की उन्नति, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की जाएगी। भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विगत 12 वर्षों में सुशासन, गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना, राष्ट्रीय सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल क्रांति एवं आत्मनिर्भर भारत जैसे अनेक क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं। देश के विकास और जनसेवा को समर्पित इन 12 वर्षों के पूर्ण होने पर भाजपा कार्यकर्ता भगवान महाकाल के दरबार में पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना एवं 108 जाप करेंगे। कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारी, सहित कार्यकर्ता शामिल होंगे। जानकारी मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा ने दी।

40 गर्भवतियों का परीक्षण, खून की कमी पर लगाया आयरन सुक्रोज

उज्जैन। आरोग्य भारती उज्जैन ग्रामीण की ओर से चलाए जा रहे हर घर स्वस्थ, हर गांव आरोग्य संकल्प के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरवर में स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में 40 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक जांचें की गईं। इस दौरान खून की कमी से पीड़ित महिलाओं को तुरंत आयरन सुक्रोज लगाया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. कल्पेश दायमा ने गर्भवतियों का परीक्षण कर उन्हें नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया। स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों को सुपोषण, स्वस्थ जीवनशैली और घरेलू उपचार के विषय में सरल जानकारी दी गई। साथ ही, सभी को अपने परिवार और गांव को निरोग रखने के लिए दैनिक जीवन में छोटे-छोटे स्वास्थ्य उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में आरोग्य भारती के उद्देश्यों की भी जानकारी दी गई।

आरोग्य भारती के ग्रामीण जिलाध्यक्ष एसपी अहिरवार ने बताया कि शिविर में विशेष सहयोगी के रूप में प्रांत सहसचिव डॉ. दिवाकर पटेल, डॉ. रमाकांत मिश्रा, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर मिथिलेश शर्मा, प्रकाश कछुआ, महानगर सचिव मनीष अग्रवाल, डॉ. दीपक जोशी, डॉ. हेमंत रावल, विजय परमार, अजय परमार, महेश धनेलिया, परमानंद कटारिया, शकुंतला कौशल, विनीता भटनागर और नंदनी जोशी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस 17 जून को निकालेगी रैली

उज्जैन। फ्रीगंज स्थित शहीद पार्क पर श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस की कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कर्मचारियों के लंबित भुगतान तथा श्री सिंथेटिक्स की भूमि पर प्रस्तावित वन विभाग की परियोजना को लेकर चर्चा की गई।

संयोजक एवं ऑर्गेनाइजिंग मजदूर कांग्रेस के शहर अध्यक्ष प्रकाश सोलंकी ने बताया कि सभी पदाधिकारियों की सहमति से 17 जून को रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है। रैली शहीद पार्क से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचेगी। समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी मिली है कि श्री सिंथेटिक्स की लगभग 115 हेक्टेयर भूमि पर वन विभाग द्वारा एक परियोजना प्रस्तावित की गई है। कर्मचारियों का कहना है कि यह भूमि वर्तमान में माननीय कोलकाता हाईकोर्ट के लिक्विडेटर के अधीन है। जब तक श्री सिंथेटिक्स के कर्मचारियों का लंबित हिसाब-किताब एवं बकाया भुगतान नहीं किया जाता, तब तक कर्मचारी प्रस्तावित परियोजना का विरोध करेंगे।2006 में जब कंपनी बंद हुई थी, तब से कर्मचारी लगातार सरकार से अपने लंबित भुगतान की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। कर्मचारियों ने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द भुगतान कराकर उनकी समस्या का निराकरण किया जाए। बैठक में रामचंदन चौधरी, रतन सिंह हरा, शिवाजी राव शिंदे, राजेश भावसार, राजेश समेले, शीतल राठौर, प्रभुनाथ यादव, कैलाश सिंह धवन, गोविंद सांखला सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी, स्टाफ, सुरक्षा कर्मी एवं ठेकेदार उपस्थित रहे।

कवि खेमसरा अंतर्राष्ट्रीय जैन साहित्य संगम के संरक्षक बने

महिदपुर। नगर के वरिष्ठ साहित्यकार कवि साहित्य भूषण जैनेन्द्र खेमसरा 'सरल' को अंतर्राष्ट्रीय जैन कवि संगम के संरक्षक पद पर अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष साहित्यकार जगदीप जैन हर्षदर्शि एवं पदाधिकारी मण्डल ने सर्वानुमति से मनोनीत किया। नगर को मिली इस उपलब्धि पर मप्र इकाई अध्यक्ष धर्मेन्द्र बम वरिष्ठ पदाधिकारी मार्गदर्शक मण्डल राजेन्द्र कांठेड़, राष्ट्रीय महासचिव सीएम मेहता, वरिष्ठ साहित्यकार यशवंत भण्डारी, साहित्यकार कवि कैलाश जैन, कवियत्री चंदा अजय डांगी, कवि पुखराज जैन पथिक आदि अनेक कवि साहित्यकारों की गरिमामय उपस्थिति में स्वागत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई। उल्लेखनीय है कि खेमसरा अपनी समर्पित साहित्यिक सेवाओं के लिये नगर का नाम रोशन कर रहे है। अनेक पुस्तकें, आलेख प्रकाशित हो चुके हैं व अनेक सम्मानों से अंलकृत है। नगर के वरिष्ठ कवि साहित्यकार, पत्रकारगणों में वरिष्ठ पत्रकार शांतिलाल छजलानी, जवाहर डोसी, अरुण बुरड़, नगर पटेल वरिष्ठ पत्रकार रमेश सकलेचा, विशाल शर्मा, विजय चौधरी, कवि जगदीशज्वलंत, मालवी कवि ऋषभ जैन, अशोक पाठक, प्रदीप सुराना, कैलाश मण्डोरा, सरवर जाफरी, संदीप चौहान, पत्रकार रमेश गोड़, रामेश्वर मालवीय, पारस लुणावत, अर्जुन ठाकुर, भीम गोयल, ललित नासकावाला एवं अन्य पत्रकार साथियों ने हर्ष व्यक्त किया।

आकाशवाणी भारतीय संस्कृति व देशभक्ति का एनसाइक्लोपीडिया

▶ ऑल इंडिया रेडियो के 90 वर्ष पूर्ण होने पर उज्जैन केंद्र पर हास्य योग व आनंद कार्यक्रम आयोजित

उज्जैन। ऑल इंडिया रेडियो के 90 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर स्थानीय आकाशवाणी केंद्र पर हास्य योग एवं आनंद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रपति अलंकरण से सम्मानित शैलेंद्र व्यास ने आकाशवाणी को संस्कार, संस्कृति, देशभक्ति और भारतीय गीत-संगीत का एनसाइक्लोपीडिया बताया।

उन्होंने कहा कि आकाशवाणी समन्वय, कृषि, युवा और नारी शक्ति का ऐसा केंद्र है, जिसने देश को समरसता का स्वर प्रदान किया है। हास्य-व्यंग्य के माध्यम से उपस्थित श्रोताओं को गुदगुदाते हुए व्यास ने जीवन प्रबंधन के सूत्र दिए। उन्होंने कहा कि ढोंग की बजाय ढंग की जिंदगी जीना बेहतर है। जीवन में अच्छी यादों का अचार डालिए जो दिल के मर्तबान में सालों-साल रहे और बुरी यादों की चटनी बनाइए ताकि वह जल्द समाप्त हो जाए। जिंदगी और चाय एक जैसी होती है, जैसे ही मजा आने लगता है, वह खत्म हो जाती है। इसलिए मन में भरकर नहीं, बल्कि मन भर कर जीना चाहिए। हमेशा अपने कर्मों से लोगों के दिलों में सेंध रहें, क्योंकि मोबाइल की गैलरी से आप कभी भी डिलीट हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि शतरंज में वजीर और जिंदगी में जमीर मर जाए तो खेल खत्म समझना चाहिए, इसलिए हमेशा जिंदादिल रहें।

कार्यक्रम प्रमुख अनामिका चक्रवर्ती ने आकाशवाणी के विभिन्न लोकप्रिय कार्यक्रमों की जानकारी दी। आकाशवाणी के उद्घोषक दुर्गेश सूर्यवंशी ने सफलता के सूत्र साझा करते हुए कहा कि सफलता तभी मिलती है जब आपके सपने आपके डर से बड़े हो जाते हैं। संचालन डॉ. अनामिका सोनी ने किया। उन्होंने इस अवसर पर मुस्कुराहट पर एक सुंदर गीत भी प्रस्तुत किया। अंत में आकाशवाणी उज्जैन के केंद्र प्रमुख पंकज पंडित ने आभार व्यक्त किया।

एक नजर कोठी रोड तरणताल पर चल रहे नि:शुल्क शिविर का स्मार्ट सिटी सीईओ और आरआई ने किया अवलोकन

तैराकी शिविर में खिलाड़ियों को दिया अनुशासन और सेवाभाव का मंत्र

उज्जैन। खेल एवं युवा कल्याण विभाग और संभागीय तैराकी संघ के तत्वावधान में कोठी रोड स्थित तरणताल पर चल रहे नि:शुल्क तैराकी प्रशिक्षण शिविर का अतिथियों ने अवलोकन किया। कार्यक्रम में उज्जैन स्मार्ट सिटी के सीईओ संदीप शिवा, पुलिस आरआई रंजीत सिंह और नगर निगम की स्विमिंग पूल अधिकारी पूजा जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

अवलोकन के दौरान तैराकी टीम ने अतिथियों का सम्मान कर उन्हें भगवान श्री महाकाल और श्री गेबी हनुमान जी की पावन तस्वीरें भेंट कीं। अतिथियों द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन के बाद तय किया गया कि ये तस्वीरें तरणताल परिसर में स्थापित की जाएंगी, ताकि यहां आने वाले तैराक और खिलाड़ी दर्शन कर आध्यात्मिक प्रेरणा प्राप्त कर सकें।

इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने शिविर में प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों से संवाद कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने खिलाड़ियों को खेलों के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन और सेवाभाव को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में संभागीय तैराकी संघ के अध्यक्ष राकेश तिवारी, सचिव हरिश शुक्ला, चित्रेश शर्मा, दीप ज्योति वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. दीपक जैन, अनुसाई माथुर, प्रशिक्षक राजेंद्र सिंह चौहान, अश्विन टाटावत, समीर पाराशर, अमर डब्बे वाला गुरुजी, वीरेंद्र काले और पंकज सोलंकी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

आज खाचरौद में एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला

उज्जैन। मध्यप्रदेश शासन के युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र व शासकीय आईटीआई संस्थान के तत्वावधान में 10 जून, बुधवार को प्रात: 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक स्थान शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खाचरौद जिला उज्जैन में एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। उक्त रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कम्पनियां जैसे कटारिया ग्रुप उज्जैन, न्यूजील फैशन बेयर प्राइवेट लिमिटेड बदनावर, प्रतिभा स्वराज प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन, बेस्ट लाइफस्टाइल अपैरल प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन, वीजेए एग्रो बायोकेयर प्राइवेट लिमिटेड भोपाल, वीईसीबी पॉवरट्रेन पीथमपुर, कृषि दर्पण एग्रो प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन, नॉक्स विंड लिमिटेड बडवानी, सीआईआई एमसीसी इंदौर (भारतीय उद्योग का विन्यास) इंदौर, स्वातंत्र माइक्रोफिन लिमिटेड, भारतीय जीवन बीमा निगम, खाचरौद आदि के लगभग 300 से अधिक विभिन्न पदों जैसे-सेल्स एग्जीक्यूटिव, टेक्नीशियन, ट्रेनर, सेल्स, टीम लिडर, बैंक ऑफिस, सुरक्षा गार्ड, ऑपरेटर, हेल्पर, ऑफिस बॉय आदि पदों के लिए आकर्षक वेतन पर रोजगार प्रदान करने के लिए कम्पनियों के प्रतिनिधि आवेदकों के साक्षात्कार लेकर प्रारम्भिक रूप से चयन करेंगे। महिला हेल्पर, ऑपरेटर के लिए विशेष भर्ती के अवसर हैं। मेले में 18 से 40 वर्ष के आवेदक जो कि 5वीं से स्नातकोत्तर किसी भी विषय में पास आवेदक एवं तकनीकी योग्यता के आवेदक भी उक्त